पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
**Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh, Bilaspur**
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
फोन : 07752–210312, फैक्स : 495009
Website : www.pssou.ac.in, E-mail : registrar@pssou.ac.in

क्रमांक 805 /कु. स. का./2018 बिलासपुर, दिनांक 21/02/2018

## //सूचना//

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक D.O.No.F.14-5/2018(CPP-II) दिनांक : 15 फरवरी, 2018 के अनुपालन में **दिनांक २१ फरवरी, २०१८** को विश्व मातृभाषा **दिवस** मनाया जाएगा। पण्डित सुन्दलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर मुख्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी विश्वविद्यालय सभागार में अपराह्न ३.०० बजे उपस्थिति सुनिश्चित करें।

अपनी मातृभाषा में सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम डॉ. जयपाल सिंह विभागाध्यक्ष, हिंदी-विभाग को **दिनांक २१ फरवरी, २०१८** समय १२.३० तक दे सकते हैं।

कुलसचिव
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त)
विश्वविद्यालय, बिलासपुर

क्रमांक 806 /कु. स. का./2018 बिलासपुर, दिनांक 21/02/2018

प्रतिलिपि :

1. कुलपति जी के निज सचिव को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्ताधिकारी को सूचनार्थ।
3. विभागाध्यक्ष, हिंदी-विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त)
विश्वविद्यालय, बिलासपुर

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## अंतरराष्ट्रीय मातृ–भाषा दिवस

**21.02.2018**

पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव, पूर्व अध्यक्ष छ.ग. पिछड़ा वर्ग आयोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव जी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री टी.एस. ठाकुर एवं वित्ताधिकारी श्री हरिशचंद्र शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि " अब छत्तीसगढ़ी भाषा को राज्य भाषा का दर्जा प्राप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसकी उन्नति की दिशा में कार्य करना चाहिए तथा इसे अपने संवाद का माध्यम बनाना चाहिए। " कुलसचिव जी ने अपने अध्यक्षीय भाषण की शुरूआत छत्तीसगढ़ी गीत "मैं बंदत हव दिन रात ओ मोर धरती मैया........... जय होवै तोर" से की। उन्होंने कहा कि अब हमारी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी एक समृद्ध स्वरूप को प्राप्त कर रही है। इसका विकास ही हमारा विकास है। विशिष्ट अतिथि श्री शर्मा जी ने अपना वक्तव्य छत्तीसगढ़ी भाषा में दिया।

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में योगदान दिया। श्री मालिकराम पटेल के द्वारा "छत्तीसगढ़ के दाई ल बंदव... छत्तीसगढ़ी गीत की संगीतमयी प्रस्तुति दी गई। इस गीत में श्री सुभाशीष डे ने तबला वादन किया। कार्यक्रम में श्री बिरीज खाण्डे के द्वारा स्वरचित कविता पाठ किया गया। श्री भूपेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा इस अवसर पर मातृभाषा संबंधी विचार प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति ने किया इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/प्राध्यापक/कर्मचारी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में अध्ययनरत लगभग 30 विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों सहित लगभग 145 सदस्यों ने भाग लिया।

संयोजक

विभागाध्यक्ष
हिन्दी-विभाग
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
छत्तीसगढ़, बिलासपुर – 495009

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VI
PSSOU, CG Bilaspur

दैनिक भास्कर
22/02/18

(130)

सिटी एक्टिविटी

dainikbhaskar.com

होकर
जयप्रकाश



रा योग शिविर का
ग़ेग कराया जा रहा
कि योग से मनुष्य
भ आती है।

क्लोला
तरण



ने बुधवार को प्रसाद क्लब के दो वर्ष पूर्ण होने ुर्गा मंदिर में किया गया। ल बताया कि संस्था क... कर रही है। क्लब कर भी लोगों की मदद घर-घर जाकर पेयजल समस्याओं को दूर कर रही ख़ेल सामग्रियों का वितरण लोगों को ब्लड डोनेट भी ाद वितरण में जैकी गुप्ता, अली, आयुष गुप्ता, तुषार ांडे आदि मौजूद रहे।

आयोजन | सीयू और ओपन यूनिवर्सिटी में मातृभाषा दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# मातृभाषा संप्रेषण का सरल माध्यम, जो प्रेम स्थापित करता है: डॉ. पाठक

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर

मातृभाषा में शक्ति, संस्कार और संस्कृति है। जो हमें क्षमता प्रदान करती है। जिससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा संप्रेषण का सहज और सरल माध्यम है। पत्रकारिता एवं हिंदी का आंदोलन मातृभाषा में हुआ, इसलिए सफल रहा। मातृभाषा को प्रेम और समन्वय स्थापित करता है। बोलियों और मातृ भाषाओं को हिंदी को सींचने और समृद्ध करने वाला है। उक्त बातें मुख्य अतिथि डॉ. विनय पाठक ने कही।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रबंध अध्ययन विभाग के सभागार में बुधवार को मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. बीएन तिवारी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. पाठक ने छत्तीसगढ़ की मातृभाषा छत्तीसगढ़ी है, इसलिए छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर पांच सालों में छत्तीसगढ़ी में अध्ययन, अध्यापन कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के माध्यम से सिविल सेवा की कोचिंग छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर शाल व श्रीफल से उनका सम्मान किया गया। इससे पूर्व साहित्यिक साहित्य की पुस्तकों से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव प्रो. तिवारी ने कहा कि किसी भी परिवार में संस्कार उसकी मातृभाषा में झलकता है। उन्होंने युवाओं से परिवार में मातृभाषा के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज शहरीकरण के चलते हमारी मातृभाषा विलुप्त हो रही है, जिनका संरक्षण हम सभी की महती जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में हिंदी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया और मातृभाषा दिवस कार्यक्रम के विषय में विस्तार से रूपरेखा प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त कुलसचिव एचएन चौबे ने किया। संचालन सहायक कुलसचिव टीपी सिंह ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार राघवेन्द्र दुबे व विवेक तिवारी उपस्थित थे।

सिविल सेवा की कोचिंग छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रारंभ की गई है



सीयू में अतिथियों को साहित्यक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

## दैनिक व्यवहार में करें छत्तीसगढ़ी का उपयोग: डॉ. यादव



पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्री[य] मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव, पूर्व अध्यक्ष छत्तीस[गढ़] पिछड़ा वर्ग आयोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव, विशिष्ट अतिथि प[...] नियंत्रक टीएस ठाकुर, समन्वयक वित्त हरीश चंद्र श[...] रहे। मुख्य अतिथि डॉ. यादव ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को संपन्न बनाए रखना चाहिए। छत्तीसगढ़ बनने के बाद यहां के निवासियों के अनुरूप छत्तीस[गढ़ी] भाषा को राज्य भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ है। हमें ध्या[न] रखना होगा कि इसकी उन्नति के साथ-साथ दैनिक व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करना चा[हिए।] कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष जयपाल सिंह प्रजापति ने किया। इस अवसर पर छ[ात्र-] छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ...ाद हो, उसे पहले ...चाहिए: प्रकाश



...स एस प्रकाश के साथ छात्र।

## सीयू में गणित विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 23 फरवरी से

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में गणितीय एवं संगणक अध्ययनशाला के शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित विभाग में मैथमेटिकल साइंसेस एंड एप्लीकेशंस विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 23 फरवरी से आयोजित की जा रही है। यह 25 फरवरी तक गणित विभाग के विभागाध्यक्ष सह... सार प्राप्त हुए है, जिनमें फिक्सड पाइंट थ्योरी, एलजेबरा, एनालिसिस, क्रिप्टोग्राफी, फजीलॉजिक, हिस्ट्री ऑफ मैथमेटिक्स व मेथामेटिक मॉडल्स शामिल है। संगोष्ठी में देश-विदेश के करीब 90 प्रतिभागी शामिल हो रहे है। इसमें 15 राज्य छत्तीसगढ़ के अलावा तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, गुजरात, ...प्रदेश एवं मध्यप्रदेश...

## महिलाओं को दिया गया व्यवसायिक प्रशि[क्षण]



बिलासपुर उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महिला स्व सहा[यता समूह] से जुड़ी 200 महिलाओं को उत्पाद आधारित व्यवसायिक प्रशि[क्षण दिया] जा रहा है। इसके अंतर्गत हेमू नगर की 40 महिलाओं को फिना[ंस...]

VERIFIED
Pt. Sunderlal Sharma (Open) University Chhattisgarh BILASPUR (C.G.)
Shri Keshav Lal Prajapati ... Incharge ... PSSOU, CG Bilaspur

# पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्र. 26/2004 द्वारा स्थापित)

कोनी बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) फोन 07752–210312, 213073 website- pssou.ac.in


क्र. /स्था./2019 बिलासपुर दिनांक /02/2019

## //सूचना//

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 21.02.2019 को **मातृभाषा दिवस** के रूप में मनाने हेतु प्राप्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के कांफ्रेस हॉल में आज दिनांक 21.02.2019 को सायं 04:30 बजे **मातृभाषा दिवस** का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया जा रहा है। अतः विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीं/सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि आप अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

-सही-

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 1533 /स्था./2019 बिलासपुर, दिनांकः 21 /02/2019

प्रतिलिपि –

1. निज सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. विभाग प्रमुख ......सर्व...... को अपने विभाग में सूचना का प्रसारण करने हेतु।
3. कार्यालय प्रति।

[signature]

कुलसचिव

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge ...
PSSOU, CG Bilaspur

D : Est./suchna/Kamlesh

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## मातृभाषा दिवस

**21 फरवरी, 2019**

विश्व में भाषायी व सांस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषिता को बढ़ावा देने और विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अतंरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 21/02/2019 को मातृभाषा के रूप में मनाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए। प्राप्त निर्देशानुसार उक्त दिनांक को सायं 4:30 विश्वविद्यालय के सभागार में हिंदी विभाग द्वारा मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया।

मातृभाषा दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने मातृभाषा के बारे में बताते हुए कहा कि मातृभाषा वह भाषा है जो मॉ के दूध के साथ रगो में दौड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि मातृभाषा के संबंध में चिंताजनक तथ्य यह है कि इसे बोलने में एक बड़ा वर्ग शर्म महसूस करता है। कार्यक्रम में डॉ. रूपेन्द्र राव, सहा. प्राध्यापक मनोविज्ञान ने अपने संक्षिप्त विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मातृभाषा में शिक्षा का अधिकार सभी का संवैधानिक अधिकार है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति, सहा. प्राध्यापक हिंदी ने कहा कि इस वर्ष 19 वें मातृभाषा दिवस की थीम है "विकास, शांति और संधि में देशज भाषाओं के मायने"। उन्होंने कहा कि जन भाषा से राजभाषा बनी छत्तीसगढ़ी को अब छत्तीसगढ़ में संम्मान मिल चुका है। इस हर छत्तीसगढ़ वासी को बोल–चाल में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/प्राध्यापक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभागाध्यक्ष
हिन्दी-विभाग
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
छत्तीसगढ़, बिलासपुर - 495009

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge ... Criteria ...
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**22 फरवरी, 2020**

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़, बिलासुपर में दिनांक 22 फरवरी, 2020 को मातृभाषा दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम की बिन्दुवार जानकारी इस प्रकार है–

- कार्यक्रम का उद्घाटन वि. वि. की कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत, क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बी. एल. गोयल जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
- मातृभाषा दिवस आयोजित करने के उद्देश्य एवं लक्ष्य व्याख्यान डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति द्वारा प्रस्तुत किया गया।
- अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर वि.वि. के छात्र–छात्राओं द्वारा एकल गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया।
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बी. एल. गोयल जी द्वारा मातृभाषा की आवश्यकता और महत्व को बताया गया।
- कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ. इंदु अनंत द्वारा अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में उद्बोधन दिया गया।
- छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।
- संयोजक डॉ. जयपाल सिंह द्वारा धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया।

विभागाध्यक्ष
हिन्दी-विभाग
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
छत्तीसगढ़, बिलासपुर - 495009

VERIFIED

Incharge IQAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)